आपको जब एसेसमैंट (मूल्यांकन) के लिए दुबारा बुलाया जाता है
WHEN YOU ARE RECALLED FOR ASSESSMENT

## परिणाम

अधिकतर महिलाओं को उनके परिणाम एसेसमैंट (मूल्यांकन) वाले दिन ही दे दिए जाएंगे, या उन्हें बताया जाएगा कि वे उसकी कब उम्मीद कर सकती हैं। आपने यदि इस बात की अनुमति दे दी है तो एसेसमैंट के परिणामों को आपके डाक्टर के पास भी भेजा जाएगा। आपके एसेसमैंट से यदि यह पता लगता है कि आपको स्तन कैंसर है, तो बैस्टस्क्रीन आओटियारोआ कर्मचारी उपचार के लिए विशेषज्ञ का चुनाव करने में आपकी सहायता करेंगे।

## एसेसमैंट के लिए मुझे क्या तैयारी करनी चाहिए?

- आप अपने साथ किसी साथी जैसे कि अपने पति, सहचारी, मित्र, रिश्तेदार, या परिवार के सदस्यों को ला सकती हैं
- आप जिस दिन एसेसमैंट के लिए आएं, उस दिन टैल्कम पाउडर, क्रीम या डियोडरेंट (गन्धहर वस्तुओं) का प्रयोग न करें, क्योंकि इनसे एक्स-रे को पढ़ने में परेशानी हो सकती है, तथा आपको एक और मैमोग्रैम करवाना पड़ सकता है।
- स्कर्ट या पैंट के साथ ब्लाउज़ या जर्सी को पहने क्योंकि आपको कमर से ऊपर के कपड़े उतारने पड़ेंगे।
- हो सकता है आप कुछ सवाल पूछना चाहें। उन्हें लिख कर एसेसमैंट क्लिनिक में अपने साथ लाने से आपको [उन्हें पूछने में] सहायता मिल सकती है।
- आपको अपनी मुलाकात के लिए यदि दुभाषिए की ज़रूरत है तो कृपया हमें बताएं ताकि उसका प्रबन्ध किया जा सके।

बैस्टस्क्रीन आओटियारोआ के कर्मचारी इस दिन को आपके लिए जितना हो सकेगा उतना सुविधाजनक बनाने की कोशिश करेंगे।
हम यदि किसी भी प्रकार से आपकी सहायता कर सकते हैं तो कृपया उसे बताने में संकोच न करें।

## आपके अधिकार

अन्य सभी स्वास्थ्य सेवाओं की तरह आपके अधिकार कोड ऑफ हैल्थ एन्ड डिसेबिलिटी सर्विसिज़ कन्ज़्यूमर्स राइट्स (स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवाओं के उपभोक्ता अधिकार संहिता) द्वारा सुरक्षित हैं। हैल्थ इन्फार्मेशन प्राइवेसी कोड (स्वास्थ्य जानकारी गोपनीय संहिता) के अन्तर्गत इस कार्यक्रम की कानूनी जिम्मेदारियां भी हैं। आप जब एसेसमैंट सैंटर आएंगी तो आपको अपनी सूचना की गोपनीयता के बारे में अतिरिक्त जानकारी दी जाएगी।

**याद रहेः**

*अधिकतर महिलाएं जो एसेसमैंट के लिए दुबारा आती हैं उन्हें कैंसर नहीं होता। ऐसी कुछ [महिलाएं] जिन्हें [कैंसर] होता है, उनके लिए स्तन कैंसर की पहचान और तुरन्त इलाज का अर्थ है सफल उपचार के उत्तम अवसर।*

आपको यदि अतिरिक्त जानकारी चाहिए या आप अपने एसेसमैंट के बारे में किसी से बात करना चाहती हैं, तो अपने नज़दीकी ब्रैस्टस्क्रीन आओटियारोआ सैंटर से सम्पर्क करें (फोन पुस्तिका में देखें)। अथवा 0800 270 200 फ्रीफोन पर फोन करें या www.breastscreen.govt.nz वेबसाइट पर जाएं।

New Zealand Government
MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
Revised August 2008. Hindi. Code HE1850.

BreastScreen AOTEAROA

# आपको जब एसेसमैंट (मूल्यांकन) के लिए दुबारा बुलाया जाता है

आपको ब्रैस्टस्क्रीन आओटियारोआ में अतिरिक्त टैस्ट या एसेसमैंट के लिए बुलाया गया है क्योंकि आपके मैमोग्रैम में किसी चीज की अतिरिक्त जाँच की जरूरत है।

अधिकतर महिलाएं जिन्हें एसेसमैंट के लिए बुलाया जाता है उन्हें स्तन कैंसर नहीं होता।

अन्य कई स्वास्थ्य जाँचों की तरह, मैमोग्रैम 100 प्रतिशत सही नहीं होते और कभी-कभी उन्हें पढ़ना आसान नहीं होता। आपकी एसेसमैंट के दौरान ब्रैस्टस्क्रीन कर्मचारी द्वारा आपके मैमोग्रैम में किसी अस्पष्टता या अतिरिक्त जाँच की आवश्यकता वाली चीज की जाँच की जाएगी। अधिकतर महिलाओं को इस बात की सांत्वना दी जाती है कि सब कुछ ठीक है। परन्तु यदि स्तन कैंसर पाया जाता है, तो इसके छोटे होने की अवस्था में ही इसका इलाज करने से महिलाओं के लिए इसके सफल उपचार के अवसर बहुत अच्छे हो जाते हैं।

आप यदि इस बारे में चिन्तित हैं तो अपनी भावनाओं के बारे में अपने किसी नज़दीकी व्यक्ति से इस बारे में बातचीत करने से सहायता मिल सकती है। इसमें आपके पति, सहभागी, परिवार, मित्र या ब्रैस्टस्क्रीन एसेसमैंट सैंटर की नर्स शामिल हो सकते हैं। अब तक आपके डाक्टर के पास आपके परिणाम पहुँच चुके होंगे (अन्यथा योजना को उसे आपने डाक्टर के पास नहीं भेजने के लिए कहा हो)। आप चाहें तो अपने डाक्टर से अपने परिणामों के बारे में बात कर सकती हैं। परन्तु, डाक्टर से मुलाकात को मुफ्त स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं कवर किया जाता (यानि कि डाक्टर से मुलाकात की फीस आपको देनी पड़ेगी)।

## एसेसमैंट के दौरान क्या होता है?

आपकी एसेसमैंट के दौरान ब्रैस्टस्क्रीन कर्मचारी आपके लिए सबसे अच्छे टैस्ट के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। इनमें निम्नलिखित में से एक या एक से अधिक किसी भी श्रेणी या ऑर्डर में हो सकते हैंः

- **दूसरा मैमोग्रैमः** कभी-कभी जिस हिस्से की जाँच की जरूरत होती है उसके बारे में अधिक जानकारी के लिए दूसरा मैमोग्रैम किया जाता है।
- **अल्ट्रासाउंड स्कैनः** यह एक ऐसा टैस्ट है जिसमें ध्वनि तरंगों का प्रयोग करके स्तन के भीतरी हिस्से का चित्र तैयार किया जाता है। अल्ट्रासाउंड का प्रयोग जिस हिस्से की जाँच की जरूरत होती है उसके बारे में अधिक जानकारी के लिए किया जा सकता है, विशेषकर सिस्ट्स तथा किसी अन्य असाधारण लक्षण में भेद करने के लिए। सभी अवस्थाओं की पहचान अल्ट्रासाउंड के द्वारा नहीं की जा सकती।
- **डाक्टर द्वारा स्तन की क्लिनिकल (रोग-विषयक) जाँचः** कैंसर के लक्षणों या अन्य किसी अवस्थाओं जिनके कारण मैमोग्रैम में असामान्य चित्र दिखाई देता है, ऐसा उसकी जाँच के लिए किया जाता है।
- **बायोप्सीः** बायोप्सी में स्तन के जिस हिस्से की जाँच की जरूरत है उसके टिशू के एक टुकड़े या कुछ कोशिकाओं (सैल्स) को हटाया जाता है। उन टिशू या कोशिकाओं की माइक्रोस्कोप के नीचे जाँच की जाती है यह जानने के लिए कि कैंसर उपस्थित है या नहीं। बायोप्सी कई प्रकार की होती हैं तथा कुछ महिलाओं के लिए एक से अधिक प्रकार की बायोप्सी की जरूरत हो सकती है।
- **फाइन नीडल एसपीरेशन बायेप्सी (एफएनए)ः** इस प्रणाली के अन्तर्गत जिस हिस्से की जाँच की जरूरत है उसकी कुछ कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बारीक सुई का प्रयोग किया जाता है। फिर इन कोशिकाओं की माइक्रोस्कोप के नीचे जाँच की जाती है यह जानने के लिए कि कैंसर उपस्थित है या नहीं। ऐसा स्थानीय एनेस्थैटिक (संज्ञाहीनता) के दौरान किया जाता है।
- **कोर बायोप्सीः** स्थानीय एनेस्थैटिक के दौरान, एक थोड़ी बड़ी सुई का प्रयोग करके कोशिकाओं के छोटे समूह को हटाया जाता है। इस कोशिका समूह की जाँच भी माइक्रोस्कोप के नीचे की जाती है।

**इन दो प्रकार की बायोप्सियों को सामान्य तौर पर एसेसमैंट वाले दिन ही किया जा सकता है परन्तु परिणाम तुरन्त उपलब्ध नहीं होंगे।**

- **सर्जिकल बायोप्सीः** बहुत कम महिलाओं को सर्जिकल बायोप्सी के लिए किसी और दिन वापिस आना पड़ेगा। ऐसा बेहोशी के दौरान किया जाता है। सर्जन द्वारा जाँच किए जाने वाले टिशू के एक हिस्से या पूरे ही टिशू को हटाया जाता है तथा कैंसर के लिए उसकी जाँच करवाई जाती है। कभी-कभी यदि जिस हिस्से की जाँच की जानी है उसे महसूस नहीं किया जा सकता, तो एक बारीक तार या कार्बन मार्कर को (स्थानीय एनेस्थैटिक के अन्तर्गत) आपरेशन से पहले भीतर भेजा जाता है। उसके बाद सर्जन द्वारा उस मार्कर के आसपास के टिशू को हटाया जाता है। ऐसा स्थानीय एनेस्थैटिक या बेहोशी के दौरान किया जाता है।

## एसेसमैंट में कितना समय लगेगा?

कुछ महिलाओं के लिए केवल एक घंटा लग सकता है, जबकि कुछ के लिए इसमें आधा दिन या अधिक भी लग सकता है। आपकी यदि बच्चों, नौकरी या अन्य जिम्मेदारियां हैं, तो आपको पूरे दिन के लिए बाहर रहने का प्रबन्ध करना पड़ सकता है। आप यदि एसेसमैंट सैंटर से अधिक दूरी पर रहती हैं तो आपको (सैंटर में) रात भर रहना पड़ सकता है।